OXFORD PUBLIC SCHOOL

AFFILIATED TO C.B.S.E. DELHI, SCHOOL CODE No: 8268
Pragati Path, Ranchi 834 001, Jharkhand
Website: www.oxfordpublicschool.net.in ; E-mail: oxfordpsranchi@rediffmail.com
Ph: 748596731

Press Release

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल] राँची में ऑरिऐंटेशन प्रोग्राम का आयोजन

आज दिनांक 27.03.2025 को ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ नर्सरी से नौवीं तक के नव नामांकित विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एकेडमिक डायरेक्टर डॉक्टर सिमी मेहता, प्राचार्य रंजीत कुमार ठाकुर, एकेडमिक कॉर्डिनेटर रविशेखर, जूनियर विंग इंचार्ज राजकिशोर शर्मा और अग्रिम पंक्ति के अभिभावकों द्वारा संस्कृत श्लोकावृत्ति और दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

इस अवसर पर अपने स्वागत अभिभाषण में जूनियर विंग इंचार्ज राजकिशोर शर्मा ने विद्यालय के अनुशासन, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों तथा विद्यार्थियों के नैतिक एवं बौद्धिक विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने अपने अभिभाषण में विद्यालय और अभिभावकों के बीच साझेदारी को ही बच्चों के उन्नति का कारक बताया।

विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ० सिमी मेहता ने विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं को विद्यालय का आधार स्तंभ बताते हुए कहा, कि विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ काफी अनुभवी हैं तथा बच्चों के प्रति उनमें अपनत्व की भावना रहती है। उन्होंने अभिभावकों को आश्वस्त किया कि ऑक्सफ़ोर्ड पब्लिक स्कूल में डालकर बच्चों के सही विकास हेतु पहला कदम बिल्कुल सही उठाया है। पूरा विद्यालय परिवार एक-एक बच्चे की उन्नति के लिए निरंतर कार्यरत है।

तत्पश्चात मंच संचालक विद्यालय की शिक्षिका मनीदीपा डे, शीतल सचदेव चावला एवं मिंटी हर्षिता ने क्रमवार कक्षा शिक्षिकाओं से अभिभावकों का परिचय करवाया एवं अभिभावक उनके साथ अपने-अपने बच्चों की कक्षा में गए। कक्षा शिक्षिकाओं ने भी वहाँ शिक्षण पद्धति, अनुशासन, सह-पाठ्यक्रम गतिविधि, समय-सारिणी सबंधित दिशा निर्देश दिए।

विद्यालय के प्रधानाचार्य रंजीत कुमार ठाकुर ने नवआगंतुक विद्यार्थियों और अभिभावकों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि, बच्चों के चरित्र निर्माण में परिवार और स्कूल दोनों की समान भूमिका होती है इसलिए हम सभी मिलकर बच्चों के भविष्य का निर्माण करेंगे।

अभिभावकों का कहना था, इस प्रकार के आयोजनों से उन्हें विद्यालय की कार्यप्रणाली, शैक्षणिक दृष्टिकोण और विद्यार्थियों के समग्र विकास की प्रक्रिया को समझने का अवसर मिलता है। बौद्धिक जीवन के नव शुरूआत की उत्साह अभिभावकों और बच्चों के चेहरे पर साफ दृष्टिगोचर हो रही थी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अभिभावकों ने विद्यालय की इस पहल की सराहना की और बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए विद्यालय के साथ मिलकर कार्य करने के प्रति प्रतिबद्धता जताई।

••○••

OXFORD PUBLIC SCHOOL

Ph: 748596731

AFFILIATED TO C.B.S.E. DELHI, SCHOOL CODE No: 8268
Pragati Path, Ranchi 834 001, Jharkhand
Website: www.oxfordpublicschool.net.in ; E-mail: oxfordpsranchi@rediffmail.com

Press Release

An Orientation Programme was organised by Oxford Public School, Ranchi

An Orientation Programme was organised by Oxford Public School, Ranchi on 27.03.2025 for the parents of newly admitted children in classes Nursery to IX. The programme commenced with the lighting of the lamp.

The Academic Director Dr. Simi Mehta, the Principal Ranjeet Kumar Thakur, the Academic Coordinator Ravi Shekhar and the Junior Wing Incharge Rajkishore Sharma were present to grace the occasion. The aim of the programme was to familiarise parents with the school ethos, policies and learning environment. It also gave an opportunity to parents to know their ward's subject teachers who will be guiding the students for the upcoming academic journey.

The anchors for the day were Manideepa De, Sheetal Sachdeva Chawla and Minti Harshita. The Junior Wing Incharge Raj Kishore Sharma welcomed all the students and their parents in his Welcome Address and elaborated on the facilities, activities and achievements of the school. A powerpoint presentation was also made focusing on the faculty members, state of the art facilities and achievements of the school. Dr. Simi Mehta thanked the parents for their unwavering support and cooperation and expected the same in future as well. She proudly announced that the teachers of the school were its pillars who have been working sincerely in the school for many years and who have witnessed many generations pass out of Class XII. Hence parents should keep their worries aside and bear in mind that they had admitted their children in a school which will take care and provide a secure and comfortable environment for their children.The Principal Ranjeet Kumar Thakur congratulated the newly admitted students and emphasised that character development of students takes place due to the combined effort of parents and school. The programme was extremely successful with happiness and excitement clearly visible on the faces of parents and children.

xxxxxxxxxxxx